# बालमन

Powered by Teachers of Bihar




Pramod Kumar- +91 9661547325 Dheeraj Kumar- +91 9431680675

+91 7250818080 info@teachersofbihar.org |

wwww.teachersofbihar.org teachersofbihar@gmail.com

## टीचर्स ऑफ बिहार गीत

एम आर चिश्ती

चांद तारों को साथ लाएंगे,
हम बहारों को साथ लाएंगे।

जैसे आती नहीं नज़र दुनिया,
हम बनाएंगे वो हंसी दुनिया,
हौसला और अपनी मंज़िल से,
सब नज़ारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

प्रेम की रोशनी जो बिखरेगी
और प्रतिभा सबकी निखरेगी,
खींच लेंगे गगन से इंद्रधनुष
बहते धारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

हम हैं निर्माता अपने भारत के,
पूरे करने हैं सपने भारत के
हम कलम के वही सिपाही है
जो हज़ारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे....

हमने माना, टीचर्स ऑफ़ बिहार
दीप ऐसा जलाएगा इस बार,
हम नवाचारी शिक्षा की रह में
बेसहारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

www.teachersofbihar.org

## अभियान गीत

घर-घर अलख जगाएगें, हम बदलेंगे जमाना।।
निश्चय हमारा, ध्रुव सा अटल है।
काया की रग-रग में, निष्ठा का बल है।।
जागृति शंख बजायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।
बदली हैं हमने अपनी दिशायें।
मंजिल नयी तय, करके दिखायें।।
धरती को स्वर्ग बनायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।।
श्रम से बनायेंगे, माटी को सोना।
जीवन बनेगा, उपवन सलोना।।
मंगल सुमन खिलायेंगें, हम बदलेंगे जमाना।।
कोरी कल्पना की तोड़ेंगे कारा।
ममता की निर्मल, बहायेंगे धारा।।
समता की दीप जलायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।।

# कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ)

शिक्षा भवन, भागीरथी मुक्ताकाश मंच भभुआ,

(मो०-8544411411 email-deokaimur.edn@gmail.com)




## "शुभकामना संदेश"

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि विद्यालय के छात्र/छात्राओं को जागरूक बनाने तथा प्रतिभावान बच्चों के प्रतिभा का प्रदर्शन विभिन्न स्तर पर करने के उद्देश्य से "बाल मन कैमूर" पत्रिका का मासिक प्रकाशन किया जा रहा है।

इस प्रकार के प्रकाशन, बच्चों के सृजनात्मक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त होगा।

आशा है कि इस पत्रिका से बच्चे, शिक्षक एवं समाज में सकारात्मक सोच विकसित होगा।

मैं सुमन शर्मा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर इस उपयोगी लेखन के लिए बधाई देते हुए "बाल मन कैमूर" के प्रकाशन की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

(सुमन शर्मा)
जिला शिक्षा पदाधिकारी
कैमूर (भभुआ)

# सम्पादकीय

प्यारे बच्चों,
नमस्कार,
सावन माह में रिमझिम वर्षा , पुरवइया हवा का शोर, वर्षा को देखकर सभी सजीवों का मोर की भांति नृत्य ,वर्षा में बच्चों के भीगने का बहाना बनाना देख मन आनंदित और प्रसन्नचित्त हो जाता है। पत्रिका के सप्तम अंक को समर्पित करते हुए आपकी रचनात्मक कला को देखकर अपार खुशी हो रही है। हम सभी सदैव आपकी रचनात्मक कला को सम्मानित करते हैं। आप सभी बच्चे अपने-अपने विद्यालय में निरंतर नवाचार करते रहे। अपने अंदर के बाल कलाकार को बाहर आने दे, आपके पास कोई कला है तो उसको हम तक जरूर पहुंचाएं। आप सभी के साथ हमारी बालमन चांद कैमूर की टीम बेहतर से बेहतर कार्य करने के लिए सदा प्रयत्नशील है, अनजाने में कोई त्रुटि या भूल हुई है तो हम उसके लिए क्षमा प्रार्थी हैं। आपके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ।

आपका
प्रमोद कुमार
क. म. वि. चांद, कैमूर



# सहयोगी सदस्य

1-उदय पांडे, म.वि.चांद
2-मो.असलम, म.वि.चांद
3- प्रीति कुमारी,उ.म.वि.धोबहां
4-मीरा कुमारी,उ.माध्यमिक वि.भलुहारी
5-विनीतातिवारी, प्रा.वि.किशनपुरा
6- सुमन सिंह पटेल,क.म.वि.चांद

# बिहार राज्य प्रार्थना गीत

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे
वो नजर दे कि करूँ कद्र हरेक मजहब की
वो मुहब्बत दे मुझे अमनो अमन नाज करे
मेरी खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक
मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे
इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ
हौसला ऐसा हीं दे गंग जमन नाज करे
आधे रस्ते पे न रूक जाये मुसाफिर के कदम
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे
दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार
ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे
जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय बिहार

एम. आर. चिश्ती


www.teachersofbihar.org


## बिहार राज्य गीत


मेरे भारत के कंठहार, तुझको शत-शत वंदन बिहार
तू वाल्मीकि की रामायण, तू वैशाली का लोकतंत्र
तू बोधिसत्व की करूणा है, तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप, तू हीं अक्षत चंदन बिहार
तू है अशोक की धर्मध्वजा, तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह, तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि, धरती का नंदन वन बिहार
तेरी गौरव गाथा अपूर्व, तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान, अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक,
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार,
मेरे भारत के कंठहार

- सत्यनाराय


जन्मदिन विशेष
05 जुलाई 2023
Teachers of Bihar
The Change Makers
आज का सुविचार
जब आप घायल होते हैं तो आपको बहुत आत्मविश्वास के साथ वापसी करने के लिए खुद को बहुत मजबूत करने की आवश्यकता होती है।
पी॰वी॰ सिंधु
[ विश्वप्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी]
जन्म: 05 जुलाई 1995
राकेश कुमार
www.teachersofbihar.org


रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान
Rakesh kumar
अब तक का सबसे बड़ा डायनासोर सिस्मोसॉरस था जो 100 फीट से अधिक लंबा था और इसका वजन 80 टन तक था।
www.teachersofbihar.org


5 जुलाई 2023
Teachers of Bihar
The Change Makers
आज का सुविचार
शिक्षण एक बहुत ही महान पेशा है जो किसी व्यक्ति के चरित्र, क्षमता, और भविष्य को आकार देता हैं। अगर लोग मुझे एक अच्छे शिक्षक के रूप में याद रखते हैं, तो मेरे लिए ये सबसे बड़ा सम्मान होगा।
- डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम साहब
Vishwa Vijay Singh


Rakesh kumar
व्यस्त लोग ज्यादा प्रसन्न होते हैं क्योंकि ये उन्हें जीवन के नकारात्मक पहलुओं (Negative aspects) के बारे में सोचने का टाइम नहीं देता।

**TEACHERS OF BIHAR**

बालमन कैमूर

# मेरा परिवार

मम्मी की लोरी है भाती।
पापा की है डांट रुलाती ।।
भैया के संग में खूब खेलता।
दीदी को मैं खूब छेड़ता।।
दादा मुझे खूब खेलाते ।
दादी मुझे संस्कार सिखाती।।
छोटा सा मेरा परिवार ।
लगता है प्यारा संसार।

UHS खनेठी भभुआ

---

ToB बालमन कविता

# सफाई

आओ चलाएं एक अभियान।
हम सब रखे यही ध्यान ।।

साफ सुथरा पहने कपड़ा ।
यहां वहां न फेंके कचड़ा।।

सुबह उठकर रोज नहाए ।
हाथ धोकर खाना खाए।।

ताजी ताजी सब्जी लाए ।
बासी को ना हाथ लगाएं ।।

तन हो सुंदर मन हो सुंदर।
फुर्ती होगी अपने अंदर ।।

चलो उठो ले प्रभु का नाम।
सफाई करना अपना काम।।

मो0 शाहिद(शिक्षक)
उर्दू प्राथमिक विद्यालय

# Teachers of Bihar

The change makers

## दिवस विशेष

4 जुलाई

**मधु प्रिया**

## स्वामी विवेकानंद स्मृति दिवस 4 जुलाई



विवेकानंद बचपन से ही तीव्र बुद्धि के धनी थे। इनके घर का नाम नरेंद्र दत्त था। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था। 1897 में मानवता की सेवा के लिए स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी। इसका नाम विवेकानंद ने अपने गुरु रामकृष्ण परमहंस के नाम पर रखा थाअमेरिका के शिकागों में धर्म सभा में इन्होंने धाराप्रवाह भाषण दिया था। जिसकी वजह से ये अंर्तराष्ट्रीय सुर्खियों में रहे। अपने जोशपूर्ण और बेबाक भाषणों के कारण विवेकानंद युवाओं में काफी लोकप्रिय थे। लेकिन 39 साल की कम उम्र में ही इनका निधन हो गया था।4 जुलाई 1992 को स्वामी विवेकानंद की मृत्यु हो गई थी। इनके दिए गए संदेश आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्तोत्र हैं। इनकी कह गए संदेश युवाओं में एक नया जोश भर देते हैं। हर साल 4 जुलाई को स्वामी विवेकानंद स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।


/teachersofbihar

# Teachers of Bihar

The change makers

## जयंती विशेष 04 जुलाई

राकेश कुमा





**गुलज़ारीलाल नन्दा** *Gulzarilal Nanda*, जन्म- 4 जुलाई, 1898, सियालकोट, पंजाब; पाकिस्तान; मृत्यु- 15 जनवरी, 1998) भारत के तेरह प्रधानमंत्रियों के अतिरिक्त कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में अब तक के एकमात्र ऐसे व्यक्ति रहे, जिन्होंने इस ज़िम्मेदारी को दो बार निभाया। यह प्रासंगिक ही

| | |
|---|---|
| **जेल यात्रा** | सत्याग्रह आन्दोलन (1932), भारत छोड़ो आन्दोलन (1942-1944) |
| **पुरस्कार-उपाधि** | भारत रत्न, पद्म विभूषण |

# नन्हें कलाकार



नीलम कुमारी वर्ग
प्रा.वि.भेरी चांद
कैमूर



उ.म.वि.बहेरिया चांद
कैमूर

# नन्हें कलाकार





उर्दू प्रा.वि.करवन्दिया चांद कैमूर

# नन्हें कलाकार






राकेश कुमार
उ.म.वि.पाढी, चांद
कैमूर

# चेतना सत्र





पर्दानशी न करवन्दिया चांद कैमर






# चेतना सत्र

पर्दानशी न करवन्दिया चांद कैमूर






# पेन वह पेन्सिल





क.म.वि.चांद कैमूर




उ.म.वि.बहेरिया चांद कैमूर

पेन वह पेन्सिल





उ.म.वि. गेहुंआ , चांद, कैमूर




नीलम कुमारी वर्ग -5

प्रा.वि.भेरी चांद कैमूर

# पेन वह पेन्सिल






उ.म.वि.बहेरिया चांद कैमूर

# पेन वह पेन्सिल








उ.म.वि.बहेरिया चांद

कैमूर


पेन वह पेन्सिल

न्यू प्रा.वि.मोरवा चांद कैमूर






# पेन वह पेन्सिल









उ.म.वि. बेहरिया चांद कैमूर

# चहक





पर्दानशीन करवन्दिया
चांद कैमूर

# चहक





पर्दानशीन करवन्दिया चांद

कैमूर

# चहक




उ.म.वि.लेदरी
चांद कैमूर



पर्दानशीन करवन्दिया
चांद कैमूर



# बैगलेस शनिवार

उ.म.वि.चन्दा
चांद कैमूर





# बैगलेस शनिवार







# कविता

चिड़िया हमें जगाती है
चिड़िया हमें जगाती है
,रोज सुबह उठाती है।
फिर हमें स्कूल जाने
का घर, पर याद
दिलाती है।
उठ, नित्य- कर्म कर
,स्कूल पढ़ने जाते हम।
पढ़ -लिख कर ,
महान बन जाते हम।
सुनीता कुमारी
वर्ग 5
क.म.वि.चांद,कैमूर

हरे भरे होते पेड़,

हरे भरे होते पेड़,बरसात
में हंसते पेड़ ।
जंगल हरे -भरे होते,छांव
देते हैं पेड़ ।
पक्षियों को बसेरा देते पेड़
,हमें जीवन दे जाते पेड़ ।
हरे भरे होते पेड़, बरसात
में हंसते पेड़।
सोनम कुमारी
वर्ग 5
क. म. वि. चांद कैमूर

सूरज की बेटी है धूप
सूरज की बेटी है धूप,
सोने जैसा उसका रूप।
जब धरती पर आती है,
तब नया उजाला लाती
है।
हम सूरज बनकर चमके,
दुनिया में फैलाए उजाला
।
सूरज के जैसा हो,
जग में हो नाम हमारा ।
शिवम कुमार
वर्ग 5
क. म.वि.चांद ,
कैमूर

# कहानी

छोटी चीज का काम बड़ा

एक हिरण गहरी नींद में सो रहा था। वह जोर-जोर से खर्राटे ले रहा था। खर्राटे की आवाज सुनकर पास के बिल से एक चूहा बाहर आया। उसने देखा कि सामने चमकदार ,सुनहरा हिरण सो रहा है खर्राटेके कारण हिरण का सुडौल शरीर देखने में सुशोभित हो रहा था। चूहे को अच्छा लगा चूहे कान के माध्यम से उसके शरीर में आकर झूला- झूला लगा। तभी हिरन की नींद खुली और हिरण को गुस्सा आया। उसने चूहे से कहा बेवकूफ तेरी हिम्मत कैसे हुई मेरे पेट पर चढ़ने की?

चूहा घबरा गया और माफी मांगने लगा, अब ऐसी गलती नहीं होगी। हिरण को दया आ गई ,उसने चूहे को जाने दिया। चूहे ने जाते-जाते कहा मित्र मेरी जरूरत पड़ेगी तब बतलाना आप बहुत अच्छे हैं आपने मुझे छोड़ दिया। मैं आपकी मदद के लिए हमेशा तैयार रहूंगा।

चूहे की बात सुनकर हिरन हंसने लगा।

कुछ दिन बाद उस जंगल में एक शिकारी आया। उसने जाल बिछाया जिसमें वह हिरण फस गया और बचाओ-बचाओ पुकारने लगा। आवाज सुनकर पास बिल से वह चूहा निकला और हिरण को पहचान लिया। चूहे ने अपने दांतो के माध्यम से उस जाल को काट दिया और हिरण खुशी से झूम उठा तब उसने चूहे को बधाई दी और कहा कि आपने मेरी जान बचाई चूहे ने उसकी वह बात याद दिलाई कि आपने मुझे हंसी से छोड़ दिया था तब से दोनों मित्र बन गए

शिक्षा- कभी भी किसी को छोटा ना समझें कोई व्यक्ति कभी भी काम आ सकता है।

ज्योति कुमारी
वर्ग - 8
क. म. वि. चांद कैमूर

# फोटो आंफ द मंथ


गुड़िया कुमारी वर्ग -5
उ.म.वि.चौरी चांद कैमूर
गुड़िया कुमारी
GUDIYA
उत्क्रमित उच्च माध्यमिक वि०


उ.म.वि. गेहुंआ , चांद,
कैमूर

# फोटो ऑफ द मंथ



उर्दू प्रा.वि . करवन्दिया चांद कैमूर

# फोटो आंफ द मंथ



गुड़िया कुमारी
वर्ग -5
उ.म.वि
.चौरी
चांद
कैमूर




उर्दू प्रा.वि
.
करवन्दिया चांद
कैमूर

# TEACHER OF THE MONTH

नाम- रामजी कुमार
जन्मदिन -20 मार्च 1974
शैक्षणिक योग्यता-
मैट्रिक-( 1989 )का. शिरोमणि उच्च विद्यालय केसठ,बक्सर
इंटर -(1991) हर प्रसाद दास जैन महाविद्यालय आरा
स्नातक- हर प्रसाद दास जैन महाविद्यालय आरा
प्रशैक्षणिक योग्यता-
एक वर्षीय सेवाकालीन प्रशिक्षण (2000- 2001)
नियुक्ति तिथि-22 नवंबर 1999
पदनाम नाम-स्नातक( कला) सहायक शिक्षक
रुचि- अध्ययन करना
पसंदीदा विषय -गणित ,संस्कृत
पदस्थापना स्थल-
उ.म.वि.
कुड्डी, चांद कैमूर



# अकेला पेड़

खजूर का एक पेड़ था बिलकुल अकेला। उसका कोई दोस्त नहीं था। जब भी तेज़ हवाएँ चलतीं या मौसम ख़राब होता, वह घबरा जाता। उसे ठंड लगने लगती। पर वह कर भी क्या सकता था। वह ऐसे ही चुपचाप खड़ा रहता। एक दिन एक चिड़िया वहाँ आई। उसकी चोंच में एक फल था। चिड़िया ने उसे खाया तो कुछ बीज नीचे गिर गए। धीरे–धीरे उन बीजों को मिट्टी ने ढक लिया। मौसम बदला। एक बीज अँगड़ाई लेकर जाग उठा। उसने सिर निकालकर दुनिया को देखा। बाहर का नज़ारा बहुत अच्छा था। अपने ठीक पास में खजूर के पेड़ को देखकर उसे बहुत खुशी हुई कि चलो कोई तो उसका सहारा है। धीरे–धीरे पौधा बढ़ने लगा। बढ़ते–बढ़ते बेल बन गया।

समय बीता, बेल लंबी होती गई। धीरे–धीरे बेल ने चारों तरफ़ से पेड़ को ढक लिया। पेड़ को बहुत अच्छा लगा। जब लता हवा से उस पर लहराती तो उसे बहुत गुदगुदी होती। अब तेज़ हवा भी चलती थी, बारिश भी होती थी, लेकिन पेड़ को न तो ठंड लगती थी और न ही घबराहट होती थी। पेड़ को उसकी सबसे अच्छी दोस्त बेल जो मिल गई थी।



Writer : Saira Bano    Illustrator : Amar S




The change makers

## जन्मदिन विशेष 07 जुलाई

राकेश कुमार




**महेन्द्र सिंह धोनी** *Mahendra Singh Dhoni*, जन्म:7 जुलाई, 1981 रांची) भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं विकेटकीपर बल्लेबाज़ हैं। धोनी की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में नंबर एक का ताज हासिल कर चुकी है। पहले उन्होंने टी-ट्वेंटी विश्वकप 2007 में भारत को जीत हासिल करवाई फिर टेस्ट और एकदिवसीय में भी भारत को नंबर एक तक पहुंचाया। इसके बाद 2011 में 28 साल बाद भारत को एकदिवसीय विश्व कप का खिताब दिलवाया। सूझबूझ भरी कप्तानी, मैदान पर शांत रवैया और किसी भी तरह की जोखिम लेने के लिए हमेशा तैयार रहने वाले कप्तान धोनी युवाओं में एक आदर्श के रुप में देखे जाते हैं।

# पर्यावरण




सोनाली वर्ग 7
क.म.वि.चांद कैमूर






उ.म.वि.बहेरि
या चांद कैमूर

# पर्यावरण



# पर्यावरण



# र्यावरण










# एकांकी


THURSDAY
FRIDAY
SATURDAY
शुक्रवार
शनिवार
SHOT ON OPPO
Karaundia



# कैमूर एक परिचय

महामहिम राज्यपाल-श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर
माननीय मुख्यमंत्री -श्री नीतीश कुमार
कैमूर, जिला अंतर्गत माननीय लोकसभा सदस्य-
1-सासाराम -श्री छेदी पासवान
2-बक्सर -श्रीअश्वनी चौबे
कैमूर ,जिला अंतर्गत बिहार विधान परिषद के माननीय सदस्य-
1-स्थानीय प्रधिकार रोहतास- सह- कैमूर -श्री संतोष कुमार सिंह
2-स्नातक गया-श्री संजीव श्याम सिंह
कैमूर जिला अंतर्गत माननीय बिहार विधानसभा सदस्य-
1-203 रामगढ़- श्री सुधाकर सिंह
2-204 मोहनिया- श्रीमती संगीता कुमारी
3 -205 भभुआ-श्री भरत बिन्द
4-206 चैनपुर- मो. जमा खां







## बालमन टीम चांद कैमूर



# दुसर प्रखंड आपन जिला




लक्ष्मी वर्ग 8उ.उ.वि. नरहन, रामगढ़ कैमूर



दिपज्वाला वर्ग 8 उ.म.वि.परमालपुर भगवानपुर कैमूर



प्रियंका वर्ग 8 उ.उ.वि.नरहन रामगढ़ कैमूर




प्रा.वि.मोहम्दपुर मोहनिया कैमूर

# दुसर प्रखंड आपन जिला


## न्यू प्रा.वि.बिन्द टोला बेतरी भभुआ कैमूर









# दुसर प्रखंड आपन जिला








न्यू प्रा.वि.खजुराघाट
कुदरा कैमूर



प्रा.वि.बेतरी भभुआ कैमूर


# दुसर प्रखंड आपन जिला




उ.म.वि.अर्रा, मोहनिया,कैमूर




प्रा.वि.बेतरी भभुआ कैमूर



अंशु वर्ग 10 महाबल भृगुनाथ+2उच्च वि. कोरगावा बहेरा भभुआ कैमूर

# दसर जिला आपन राज्य






फिरदौस नाज
दाउद नगर
औरंगाबाद



किंजल कुमारी वर्ग -6 ,मध्य विद्यालय जरही
रोसड़ा समस्तीपुर
(बिहार)


# दुसर जिला आपन राज्य



आरबिन नाज वर्ग 4
उ.म.वि.दोगच्छी
ठाकुर गंज
किशनगंज



लक्षिता
म.वि.मिरचाईबाडी
कटिहार




फरहाना प्रवीन वर्ग 4
उ.म.वि.दोगच्छी ठाकुर गं
किशनगंज

# दुसर जिला आपन राज्य




वसुंधरा राजे बनर्जी
कक्षा यूकेजी
रोज पब्लिक स्कूल दरभंगा




सुहानी सुमन वर्ग 7
म.वि.सिरोपती
समस्तीपुर



तन्नुश्री वर्ग 10
शिशु भारती
फारबेसगंज
अररिया

# कलाकृति

पर्दानशी न करवन्दिया चांद कैमूर







# कलाकृति



पर्दानशी न करवन्दिया चांद कैमूर






प्रा.वि.भरूहिया चांद कैमूर

# कलाकृति





रंगीता, जावेद, खुशी,नशरीन
वर्ग-7
उ.म.वि.धोबहां
चांद, कैमूर





# कलाकृति


उर्दू
प्रा.वि.करवन्दि
या
चांद, कैमूर


ओमप्रकाश
उ.म.वि.बहेरिया
, चांद, कैमूर


NOUN
प्रियांशा वर्ग
5
न्यू
प्रा.वि.भेरी

# सामाजिक जागरूकता


स्थापना वर्ष 1962
उत्क्रमित मध्य विद्यालय अर्रा
अंचल - मोहनियाँ (कैमूर)
सामाजिक जागरूकता
बाल विवाह


अंचल - मोहनियाँ (कैमूर)
सामाजिक जागरूकता
बाल विवाह

# मध्याह्न भोजन

उ.म.वि.किलनी
चांद कैमूर





# ग्रीष्म अवकाश में गृहकार्य





ग्रीष्म अवकाश में गृहकार्य





उ. म. वि. पादी,
चांद, कैमूर


# ग्रीष्म अवकाश में गृहकार्य







# महत्वपूर्ण दिवस

1 जुलाई-राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस
डाक व कर्मचारी दिवस
9 जुलाई-राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस
11 जुलाई-विश्व जनसंख्या दिवस
12 जुलाई-राष्ट्रीय सादगी दिवस
17 जुलाई-अंतरराष्ट्रीय अपराधिक दिवस
24 जुलाई-राष्ट्रीय थर्मल इंजीनियरिंग दिवस
26 जुलाई-कारगिल विजय दिवस
29 जुलाई-अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस


कलम का सिपाही, कलम का जादूगर एवं
उपन्यास सम्राट
मुंशी
प्रेमचन्द
30
भारत
INDIA
PREM CHAND 1880-1936
THE
HINDI
PAGE
www.thehindipage.com


स्वर्ण जयंती वर्ष पर विशेष रूप से प्रकाशित
राष्ट्रीय जीवनी माला
लोकमान्य बालगंगाधर तिलक

आप अपने सुझाव और जवाब मोबाइल 9661547325 पर दे सकते है।

**Thank you**

